29 सितम्बर, 2023

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने एनिमल लाइसेंसिंग सिस्टम का विस्तार किया है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – 1 नवंबर से, ब्रैम्पटन के निवासी अब, अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने में मदद के लिए, कुत्ते और बिल्ली के लिए एक-वर्षीय या दो-वर्षीय लाइसेंस खरीद सकते हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, अपने पालतू जानवर लाइसेंसिंग सिस्टम का विस्तार किया है, इसमें खरीद की तारीख से कैलंडर वर्ष एक्सापयरी को 365 या 730 दिनों में बदल दिया है।

**नए स्मार्ट पालतू जानवर टैग्स**

जो निवासी पालतू जानवर का लाइसेंस खरीदते हैं, अब उन्हें एक "स्मार्ट" पालतू जानवर टैग मिलेगा। प्रत्येक मालिक को, प्रति पालतू जानवर एक टैग मिलेगा। पालतू जानवर टैग्स यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि यदि पालतू जानवर गुम हो जाता है, तो एनिमल सर्विसिज तुरंत उन्हें उनके परिवार से मिला सकता है। पहले वर्ष के अंदर गुम हुए टैग्स को, 5 डॉलर की फीस देकर बदला जा सकता है। खराब टैग्स और पहले वर्ष के बाद गुम हुए टैग्स को मुफ्त में बदला जाएगा। नया स्मार्ट टैग सिस्टम न केवल गुम हुए पालतू जानवरों को उनके मालिकों से मिलाने में मदद करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करते हुए यह पालतू जानवरों के टैग्स के लिए एक अधिक स्थिर दृष्टिकोण है कि प्रयोग किए हुए टैग्स हर वर्ष कूड़े में नहीं फेंके जाते।

आपके पालतू जानवर की लाइसेंसिंग महत्वपूर्ण है। किसी को भी यह उम्मीद नहीं होती कि उनका पालतू जानवर गुम हो जाएगा, परंतु दुर्घटनाएं होती हैं और लाइसेंसिंग यह सुनिश्चित करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि गुम हुए पालतू जानवर, सुरक्षित रूप से घर आ सकें।

म्युनिसिपल बाइ-लॉज के अंतर्गत, ब्रैम्पटन में सभी कुत्तों और बिल्लियों के लिए सिटी का लाइसेंस लेना आवश्यक है। लाइसेंसों से एकत्र पैसा, जानवरों की देखभाल करने के लिए वापस चला जाता है, जो हर रोज सिटी के शेल्टर के दरवाजों पर आते हैं।

निवासी, ऑनलाइन, खुद जाकर, टेलीफोन के द्वारा या डाक द्वारा आज ही अपने पालतू जानवर का लाइसेंस ले सकते हैं।

अधिक जानकारी, www.brampton.ca/animalservices पर प्राप्त करें।

**अतिरिक्त लिंक और संसाधन**

- ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज – आपके पालतू जानवर का लाइसेंस लेना (Brampton Animal Services – Getting your Pet Licence)
- ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज – ऑनलाइन अपने पालतू जानवर का लाइसेंस लें (Brampton Animal Services – License Your Pet Online)
- ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज - आपके पालतू जानवर का लाइसेंस लेना – अकसर पूछे गए सवाल (Licensing your pet – Frequently Asked Questions)

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca